**राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर**
बी-39, सरदार पटेल मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

RAJASTHAN NURSING COUNCIL RNC JAIPUR

**Rajasthan Nursing Council, Jaipur**
B-39, Sardar Patel Marg, C-Scheme, Jaipur - 302001

राजस्थान सरकार
Government of Rajasthan

क्रमांकः–प.07(   )आरएनसी / स्टोर / रद्दी विक्रय / 2025 / 125 दिनांक : 10/11/2025

## रद्दी विक्रय हेतु नीलामी सूचना

राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं एवं परीक्षा आवेदन फार्मों की रद्दी, अनुमानित वजन लगभग 400–450 किवटंल, की नीलामी की कार्यवाही दिनांक 28.11.2025 को कार्यालय परिसर में दोपहर 01:00 बजे से प्रारम्भ होगी। इच्छुक बोलीदाता राशि 10,000/– (अमानता राशि) नगद अथवा रजिस्ट्रार, राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर को देय डिमाड़ ड्राफ्ट जमा कराकर बोली में भाग ले सकेंगे।

नीलामी की विस्तृत शर्तें निम्नानुसार होगी :–

1. इच्छुक बोलीदाता राशि रूपये 10000/– अमानत राशि नगद अथवा रजिस्ट्रार, राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर को देय डिमाड़ ड्राफ्ट जमा कराकर ही बोली में भाग ले सकेंगे।
2. बोली नीलामी समिति द्वारा मौके पर निर्धारित न्यूनतम बोली राशि से प्रारम्भ की जावेगी।
3. बोलीदाता द्वारा बोली प्रति किवटलं यूनिट के आधार पर मौखिक/सार्वजनिक रूप से लगाई जावेगी।
4. दो बोलीदाताओ की बोली के मध्य न्यूनतम 10 रूपये अंतर होगा अर्थात प्रत्येक बोली 10 रूपये के अंतर से बढाई जा सकेगी।
5. अधिकतम प्राप्त बोली राशि पर नियमानुसार जी.एस.टी. राशि पृथक से देय होगी।
6. अधिकतम बोली के बोलीदाता को बोली स्वीकार किये जाने के तुरंत उपरान्त कुल नीलामी राशि का 25 प्रतिशत मौके पर ही जमा कराना होगा। 25 प्रतिशत राशि का निर्धारण रद्दी के कुल अनुमानित वजन 425 किंवटल के आधार पर किया जावेगा, जो पश्चात वास्तविक वजन के आधार पर शेष 75 प्रतिशत राशि के अर्न्तगत समायोजन योग्य होगा।
7. शेष 75 प्रतिशत राशि आगामी दो कार्य दिवस (नीलामी दिवस को छोडकर) जमा करानी होगी अन्यथा जमा 25 प्रतिशत राशि जब्त की जाकर पुनः नीलामी का निर्णय लिया जा सकेगा।
8. सफल बोलीदाता को आगामी दो कार्य दिवस पर शेष 75 प्रतिशत राशि जमा कराने के साथ ही समस्त रद्दी को उठाना होगा ।
9. सफल बोलीदाता को रद्दी उठाने से पूर्व स्वयं के कामगारो के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाओं/परीक्षा फार्मो की रद्दी के टुकडे कौंसिल परिसर मे ही करने होंगे, तभी रद्दी कौंसिल से बाहर ले जाने की अनुमति होगी।

राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर
बी-39, सरदार पटेल मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001
Rajasthan Nursing Council, Jaipur
B-39, Sardar Patel Marg, C-Scheme, Jaipur - 302001
राजस्थान सरकार
Government of Rajasthan

10. नीलामी प्रक्रिया को कौंसिल स्तर पर कभी–भी निरस्त किया जा सकता है।
11. नीलामी प्रक्रिया के संबंध मे अंतिम निर्णय अध्यक्ष महोदय, राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर का होगा।

रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर

**प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, निदेशक (जन स्वास्थ्य) एवं पदेन अध्यक्ष, आरएनसी, जयपुर।
2. श्री महावीर प्रसाद, प्रशासनिक अधिकारी, आर.एन.सी. जयपुर।
3. श्री श्रीराम वशिष्ठ, लेखाधिकारी, आर.एन.सी. जयपुर।
4. श्री अनिल कुमार चौधरी, नर्सिंग शिक्षक, परीक्षा अनुभाग, आर.एन.सी. जयपुर।
5. श्री विनोद कुमार शर्मा, परीक्षा अनुभाग, आर.एन.सी. जयपुर
6. प्रभारी अधिकारी, स्टोर अनुभाग, आर.एन.सी. जयपुर।
7.. रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर